# दो सर्राफा कारोबारियों ने सरेंडर किए 43 लाख

## तीन सर्राफा कारोबारियों के यहां दो दिन चली जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जनवरी, कर अपवंचन के मामले में स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो ने रीवा शहर के फोर्ट रोड स्थित सर्राफा बाजार में पृथक-पृथक तीन प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही की थी. दो दिन तक चली कार्यवाही के दौरान कर अपवंचन मिलने पर फर्म संचालको ने राशि जमा कराई. एक फर्म ने जहा 22 लाख सरेंडर किये, वही दूसरी फर्म ने 21 लाख रूपया जमा कराया. जबकि तीसरी फर्म में कार्यवाही देर रात तक जारी रही.**

उल्लेखनीय है कि कर अपवंचन की शिकायत पर बुधवार की दोपहर जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने फोर्ट रोड़ स्थित गुप्ता आर्नामेंट हाउस, न्यू गुप्ता गोल्ड पैलेस एवं जीडी एण्ड संस में एक साथ छापामार कार्यवाही की थी. जहा लाखो रूपये की कर चोरी पकड़ी गई और संचालको ने कर अपवंचन की राशि जमा कराई.

संयुक्त आयुक्त राकेश सालवी के निर्देशन पर तीन प्रतिष्ठानो में छापामार कार्यवाही की गई. बुधवार की दोपहर 12.30 बजे से तीनो अलग-अलग फर्म में कार्यवाही शुरू की गई. रात तक कार्यवाही जारी रही और दूसरे दिन गुरूवार की सुबह से पुन: कार्यवाही शुरू की गई. गुप्ता आर्नामेंट हाउस प्रतिष्ठान में सहायक आयुक्त विवेक दुबे के नेतृत्व में कार्यवाही दूसरे दिन रात 10 बजे समाप्त हुई. संचालक प्रोपराइटर संतोष गुप्ता ने 22 लाख सरेंडर किये. इसके साथ ही क्रय विक्रय से जुड़े कच्चे दस्तावेज जप्त किये गये है. जिनका परीक्षण किया जायेगा और उसके बाद अगर कर अपवंचन निकलता है तो राशि जमा कराई जाएगी.इसी तरह दूसरी फर्म न्यू गुप्ता गोल्ड पैलेस में सहायक आयुक्त नवीन दुबे के नेतृत्व में दो दिन तक कार्यवाही चली, जहा रात में प्रोपराइटर राजकुमार गुप्ता द्वारा 21 लाख रूपया जमा कराया गया. इस तरह से दोनो फर्म में कार्यवाही बंद हुई और क्रय विक्रय से जुड़े कच्चे दस्तावेज जप्त किये गये है जिनकी जांच की जाएगी.

### तीन दिन तक चली कार्रवाई

तीसरी फर्म जीडी एण्ड संस में राज्यकर अधिकारी शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में तीसरे दिन कार्यवाही देर रात तक जारी रही. अमूमन व्यापारी वास्तविक कारोबार की तुलना में जीएसटी रिटर्न कम फाइल करते हैं, टर्नओवर काफी दिखाया जाता है. पिछले कई दिनो से रीवा में लगातार जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की कार्यवाही चल रही है. जिसके चलते कारोबारियों में हडकम्प मचा हुआ है. इसके पहले पान मसाला एवं अन्य व्यापारियों के यहा कार्यवाही के दौरान कर अपवंचन पाया गया.



# घर के अंदर युवक को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जनवरी, शहर के समान थाना अन्तर्गत पोखरी टोला में घर के अंदर एक युवक को गोली लगने पर आनन-फानन परिजन संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे. जहा घायल युवक की हालत गंभीर बताई गई है.**

युवक ने गोली खुद को मारी या किसी और ने यह जांच का विषय है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. कुछ माह पूर्व युवक का विवाह हुआ था और वह अपने घर में माँ-बहन एवं पत्नी के साथ रहता था. शुक्रवार की दोपहर 1 बजे कमरे के अंदर से गोली चलने की आवाज आई, तभी घर के सदस्य दौड़ कर कमरे में पहुंचे तो अनुज दुबे खून से लतपत पड़ा था और उसके कनपटी पर गोली लगी थी, जहा से खून बह रहा था. जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहा गंभीर हालत में उपचार चल रहा है. परिजनो के मुताबिक कही कोई किसी से विवाद नही था, युवक प्रार्पटी का काम करता था. गोली कैसे चली कोई जानकारी परिजन नही दे पाए. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# विकसित भारत योजना से गांव में आएगी समृद्धि

## नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 9 जनवरी. नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि नई विकसित भारत जी रामजी योजना ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय साबित होगी.**

वर्तमान में इस योजना को लेकर जिस प्रकार का दुष्प्रचार किया जा रहा है.उससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता गुमराह नहीं हो. भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्री मती बागरी ने कहा कि यह योजना 2047 तक विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के उद्देश्य परिर्वतित की गई है.नई योजना में ग्रामीण क्षेत्र की श्रमशक्ति को सौ के वजाए सवा सौ दिनों का रोजगार दिया जाएगा.उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री ने इसके बजट में 35 हजार करोड से वृद्वि कर 95 हजार करोड कर दिया है.

अब प्रयास यह होगा कि महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज,स्वदेशी और आत्मनिर्भर का लक्ष्य हासिल किया जाए.साथ ही खेती में आ रही श्रमिकों की समस्या से भी निजात मिल सके,इसीलिए इसे वर्ष में दो महीने के लिए विश्राम दिवस भी घोषित किया गया है.इस मौके पर सांसद गणेश सिंह,जिलाध्यक्ष भगवती पाण्डेय,विजय तिवारी,संजय तीर्थवानी अतुल सिंह, प्रहलाद कुशवाहा ,श्यामलाल गुप्त आदि उपस्थित थे.

# मऊगंज हिंसा मामले में सीबीआई की जांच आवश्यक नहीं

## सरकार की तरफ से जांच दस्तावेजों के साथ हाईकोर्ट में पेश की गयी स्टेटस रिपोर्ट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जनवरी, मप्र हाईकोर्ट ने मऊगंज में आदिवासियों परिवारों के साथ हुई हिंसा को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष जांच संबंधित दस्तावेज के साथ स्टेटस रिपोर्ट पेश की गयी.**

सरकार की तरफ से बताया गया कि सीबीआई जांच की आवश्यकता नहीं है. युगलपीठ ने सरकार की तरफ से पेश किये गये जवाब पर याचिकाकर्ता को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है.

हनुमना निवासी पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि मऊगंज के ग्राम गडरा में आदिवासी परिवारों की भूमि खाली कराने को लेकर भू-माफियाओं ने मारपीट की थी. पूरे मामले के हिंसक रूप लेने के दौरान जमकर उपद्रव मचा था. जिसमें ड्यूटी पर तैनात एक एएसआई की भी मौत हो गई थी. इसके बाद माफियाओं ने कई आदिवासी लोगों की हत्या कर दी, इतना ही नहीं एक ही परिवार के तीन लोग फांसी के फंदे पर लटके हुए भी पाये गये थे. आवेदक की ओर से कहा गया कि उक्त हिंसा में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत हुई थी, वहीं करीब डेढ से दो सौ आदिवासी परिवार अपना घर बार छोड़कर गायब हो गये है, जिनका अब तक कुछ पता नहीं चला है. उक्त मामले की संबंधित अधिकारियों से लेकर उच्चाधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. जिस पर सीबीआई जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट की शरण ली गई है मामले में गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी रीवा, आईजी रीवा, कलेक्टर व एसपी मऊगंज, केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव व सीबीआई को पक्षकार बनाया गया है.

### याचिका के आरोपों को बताया निराधार

युगलपीठ ने सुनवाई पश्चात सरकार को स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये थे. सरकार की तरफ से दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट पेश करते हुए बताया गया कि याचिका में लगाये गये आरोप निराधार है. सीबीआई पर पहले ही अतिरिक्त वर्क लोड है. ऐसी स्थिति में सीबीआई की जांच आवश्यक नहीं है. याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने उक्त आदेश जारी किये.

# सरई नगर परिषद में नेताओं के बीच खुला सियासी संग्राम

## अध्यक्ष अनुराधा सिंह का पोस्ट बना बवाल, पर्दे के पीछे विवादित पार्षद की भूमिका पर सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 जनवरी। नगर परिषद सरई की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है। नगर परिषद अध्यक्ष अनुराधा सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए गए पोस्ट ने भाजपा के भीतर ही बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है।**

अपने पोस्ट में अध्यक्ष अनुराधा सिंह ने सीधे तौर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कुछ स्थानीय नेताओं पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से पूरे मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग भी की है। यही पोस्ट अब पार्टी की किरकिरी का कारण बनता जा रहा है। अध्यक्ष अनुराधा सिंह का कहना है कि उन्हें लगातार मानसिक दबाव में रखा जा रहा है और संगठन के कुछ लोग जानबूझकर उनके कामकाज में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने इशारों-इशारों में यह भी संकेत दिया है कि नगर परिषद में जनहित के कार्यों को प्रभावित करने की साजिश की जा रही है। इस बयान के बाद भाजपा खेमे में हलचल तेज हो गई है और मामला सार्वजनिक बहस का विषय बन



चुका है। इसी बीच राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि पूरे विवाद के पीछे एक चर्चित और विवादित पार्षद की भूमिका है, जो पर्दे के पीछे से खेल खेल रहा है। बताया जा रहा है कि यह वही पार्षद है जो पूर्व में कांग्रेस में रहते हुए भी विवादों में रहा और अचानक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गया। अब आरोप लग रहे हैं कि उसकी मंशा भाजपा संगठन को अपने हिसाब से चलाने की है और अध्यक्ष को मोहरा बनाकर संगठन पर दबाव बनाया जा रहा है।

### नप अध्यक्ष एवं बीजेपी संगठन में रार

भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया के जरिए इस तरह के आरोप लगाना पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं दूसरी ओर अध्यक्ष द्वारा लगाए गए मानसिक प्रताड़ना के आरोपों ने संगठन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब निगाहें भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह इस सियासी टकराव को कैसे संभालता है। क्या अध्यक्ष की शिकायतों की निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह विवाद सरई की राजनीति में भाजपा के लिए नई मुश्किलें खड़ी करता रहेगा। यह आने वाला समय तय करेगा।

# लंबित प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण : सुरेश

## उपखंड अधिकारी ने तहसील कार्यालयों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 जनवरी ।कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा राजस्व अधिकारी की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में उपखंड अधिकारी सिंगरौली सुरेश जाधव द्वारा तहसील सिंगरौली के राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया गया।**

उपखंड अधिकारी ने न्यायालय तहसीलदार, नायब तहसीलदार वृत्त सासन तथा नायब तहसीलदार वृत्त खुटार में प्रचलित राजस्व प्रकरणों की फाइलों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कोई भी



प्रकरण पेशी से नहीं छूटे, सभी प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज हो। राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों में गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कार्यालय में मिली कमियों को एक सप्ताह में सुधार कर पालन प्रतिवेदन भेजने के लिए आदेशित किया गया। साथ ही प्रवाचक वृत्त खुटार को कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया गया।

# जिले से आदतन अपराधी का जिला बदर

## जिला मजिस्ट्रेट ने दिये आदेश

**नवभारत न्यूज**

**सतना 09 जनवरी. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 के अन्तर्गत जिले के एक आदतन अपराधी को सम्पूर्ण सतना जिला समेत समीपवर्ती जिला पन्ना, रीवा, मैहर की राजस्व सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया हैं।**

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत थाना नागौद अंतर्गत धौरहरा हाल निवासी बिजपुरिया पेट्रोल पंप के पीछे नागौद निवासी दर्पण सिंह उर्फ आदर्श सिंह पिता भंवरजीत सिंह उम्र 38 वर्ष को एक वर्ष की अवधि के लिये जिले की सीमा और जिले से लगने वाले चतुर्दिक जिलों की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश दिया है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 15

किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार रबी 2025-26 मौसम का बीमांकन बैंकों द्वारा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा कृषक हित में मौसम रबी 2025-26 के लिए अधिसूचित फसलों का बैंकों द्वारा ऋणी एवं अऋणी कृषकों का प्रीमियम नामे करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक बढाई गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने सतना एवं मैहर जिले के सभी किसानों से कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा अवश्य कराये। साथ ही जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि फसलों की नुकसानी की स्थिति में वे अपनी फसलों की क्षति की भरपाई कर सके।

# मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह आज मैहर आयेंगी

**मैहर 09 जनवरी.** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास



राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह 10 जनवरी को सीधी से प्रस्थान कर प्रात: 11 बजे मैहर पहुंचेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री प्रात: 11.30 बजे सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करेंगी। दोपहर 1.30 बजे पीएमश्री स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मैहर में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात प्रभारी मंत्री दोपहर 3.30 बजे मैहर से कार द्वारा सिंगरौली के लिए प्रस्थान करेंगी।

# जियावन पुलिस ने आधी रात पशु तस्करी का किया भण्डाफोड़

## कत्लखाने में ले जाई जा रही थी आधा दर्जन भैंसे, रस्सियों से जकड़ी मिली भैंसे

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 9 जनवरी। जियावन पुलिस ने गस्त के दौरान एक पिकअप वाहन से आधा दर्जन भैंसों को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।**

जानकारी के अनुसार जियावन थाना में पदस्थ उप निरीक्षक गुरूवार एवं शुक्रवार की आधी रात को गस्त कर रहे थे, तभी मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में पशुओं को क्रुरता पूर्वक भर कर बिक्री करने के लिए ले जाया जा रहा है। उप निरीक्षक ने इसकी जानकारी थाना





प्रभारी एवं एसडीओपी देवसर को देते हुये पुलिस टीम के साथ निगरानी शुरू कर दिया। इसी दौरान सरपतही गांव के कमलेश साहू के घर के पास पहुंचा जहां सरई तरफ से एक सफेद रंग की पीकप क्रमांक एमपी 66 जी 2284 आ रहा था, जो पुलिस वाहन को देखकर पिकअप को कमलेश साहू के घर की ओर जंगल तरफ जाने वाली रोड में मोड़ते हुये चालक वाहन छोड़कर भाग गया। हालांकि पुलिस पीछा करती रही। अंत में पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेते हुये तलाशी ली गई। जिसमें उक्त वाहन के अंदर आधा दर्जन भैंस जिसमें 5 पडवा शामिल हैं। उन्हें रस्सियों से क्रुरता पूर्वक बांधा गया था। भैंसों को बरामद कर पिकअप वाहन को जप्त करते हुये पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध धारा 11 (ड.)(च) पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू करते हुये अज्ञात चालक एवं क्रेता-विक्रेता के तलाश में लगी हुई है।

# मुड़वानी डैम बनेगा सिंगरौली का नया पर्यटन केंद्र

## कलेक्टर गौरव बैनल की पहल को मिली रफ्तार, निरीक्षण के बाद पहुंची एमपी टूरिज्म की टीम



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 जनवरी ।जिले में पर्यटन विकास को नई दिशा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। कुछ दिन पूर्व कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा मुड़वानी डैम का निरीक्षण किए जाने के बाद अब इस क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की कवायद तेज हो गई है।**

कलेक्टर के निर्देश और विजन के तहत आज दिन शुक्रवार को म.प्र. टूरिज्म विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों एवं कंसलटेंट की टीम सिंगरौली पहुंची, जिन्होंने मुड़वानी डैम परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने डैम क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, जलाशय, आसपास के हरित क्षेत्र और पर्यटन की संभावनाओं का गहन अध्ययन किया। इस अवसर पर मुड़वानी डैम को एक आकर्षक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। टीम द्वारा प्रस्तावित योजना के अनुसार डैम के चारों ओर सुंदर और सुरक्षित पैदल पथ का रेनोवेशन किया जाएगा, जिससे पर्यटक प्राकृतिक वातावरण का आनंद ले सकें। पर्यटकों के विश्राम और आकर्षण के लिए गजेबो, व्यू प्वाइंट्स, स्टोन से निर्मित सिटिंग बेंच, नेचर थीम एवं स्कल्पचर आधारित पैसेज विकसित किए जाएंगे। इसके साथ ही जल संरक्षण और कटाव रोकने के लिए स्टोन पिचिंग एवं वाटर रिटेनिंग स्ट्रक्चर का निर्माण प्रस्तावित है। डैम परिसर में म्यूजिकल फाउंटेन, आधुनिक और सौंदर्यपूर्ण लाइटिंग व्यवस्था, लैंडस्केपिंग, हरियाली विकास, सूचना साइन बोर्ड और स्वच्छता सहित अन्य सहायक पर्यटन सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

इन सभी कार्यों को डीएमएफ अथवा सीएसआर मद से कराए जाने की योजना है। अधिकारियों का कहना है कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से न केवल मुड़वानी डैम की प्राकृतिक सुंदरता संरक्षित रहेंगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। प्रशासन को उम्मीद है कि परियोजना के पूर्ण होने के बाद मुड़वानी डैम सिंगरौली जिले का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा, जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और जिले की पहचान पर्यटन के क्षेत्र में मजबूत होगी।

# दिशा की बैठक 16 को

**सतना 09 जनवरी.** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 16 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियो को बैठक मे उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।


एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष समाचार पत्र नवभारत सतना को बिरसिंहपुर, जैतवारा, उचेहरा, पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, पहाड़ी खेरा , सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523





स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99